भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-3660

उत्तर देने की तारीख-10/08/2026

तेलंगाना में जवाहर नवोदय और केंद्रीय विद्यालय

†3660. **श्री गोडम नागेश**:

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार इस बात से अवगत है कि तेलंगाना में ऐसे जिले हैं जो जवाहर नवोदय विद्यालय (जेएनवी) योजना के अंतर्गत शामिल नहीं हैं और यदि हाँ, तो उक्त जिलों में जवाहर नवोदय विद्यालय (जेएनवी) स्थापित किए जाने की समय-सीमा क्या है और तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) क्या सरकार को तेलंगाना में नए केंद्रीय विद्यालय (केवी) स्वीकृत करने संबंधी कोई प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं और यदि हाँ, तो उन पर की गई कार्रवाई का ब्यौरा क्या है तथा उन्हें स्वीकृति प्रदान किए जाने की समय-सीमा क्या है?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री जयन्त चौधरी)

(क) और (ख): नवोदय विद्यालय योजना के अंतर्गत देश के प्रत्येक जिले में एक नवोदय विद्यालय (एनवी) खोलने की परिकल्पना की गई है। कवर न किए गए जिलों में नए नवोदय विद्यालय खोलना एक सतत् प्रक्रिया है जो स्थायी भवन निर्माण के लिए अपेक्षित उपयुक्त भूमि निःशुल्क उपलब्ध कराने और स्थायी भवन का निर्माण होने तक विद्यालय चलाने के लिए अपेक्षित स्थायी भवन निशुल्क उपलब्ध कराने के लिए संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन की इच्छा पर निर्भर करती है। नए नवोदय विद्यालय की स्वीकृति और खोला जाना मौजूदा प्रक्रियाओं के अनुसार सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदन पर निर्भर करता है। वर्तमान में, तेलंगाना के 16 जिलों में 16 नवोदय विद्यालय स्वीकृत किए गए हैं। तेलंगाना में स्वीकृत नवोदय विद्यालय की जिला-वार सूची संलग्न है।

नए केंद्रीय विद्यालयों (केवी) का खोला जाना एक सतत प्रक्रिया है। केंद्रीय विद्यालय मुख्य रूप से रक्षा और अर्ध-सैन्य कर्मियों, केंद्रीय स्वायत्त निकायों, केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) और केंद्रीय उच्च शिक्षण संस्थानों (आईएचएल) सहित स्थानांतरणीय केंद्र सरकार के कर्मचारियों के बच्चों की शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पूरे देश में शिक्षा का एक सामान्य कार्यक्रम प्रदान करके खोले जाते हैं। नए केंद्रीय विद्यालय खोलने के प्रस्ताव भारत सरकार के मंत्रालयों या विभागों/राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों (यूटी) के प्रशासन द्वारा प्रायोजित किए जा सकते हैं, जिनमें मानदंडों के अनुसार एक नया केंद्रीय विद्यालय स्थापित करने के लिए भूमि और अस्थायी आवास सहित आवश्यक संसाधन प्रदान करने की प्रतिबद्धता हो। भारत सरकार ने अक्टूबर 2025 में 57 नए केंद्रीय विद्यालय स्वीकृत किए, जिनमें तेलंगाना राज्य में 04 शामिल हैं। वर्तमान में, तेलंगाना राज्य में 37 केवी कार्यरत हैं।

*****

अनुलग्नक

तेलंगाना में जवाहर नवोदय और केंद्रीय विद्यालय के स्वीकृति के संबंध में माननीय संसद सदस्य श्री गोडम नागेश द्वारा दिनांक 10.08.2026 को पूछे गए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3660 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

तेलंगाना में संस्वीकृत एनवी की जिलावार सूची

क्र.सं.	**नवोदय विद्यालय (जिला)**
1.	कामारेड्डी
2.	करीमनगर
3.	खम्मम
4.	कुमुराम भीम आसिफाबाद
5.	नगर कुरनूल
6.	नालगोंडा
7.	रंगा रेड्डी
8.	सिद्दीपेट
9.	वारंगल
10.	जगितयाल
11.	कोठागुडेम भद्राद्रि
12.	महबूबनगर
13.	मेडचल मल्काजगिरि
14.	निजामाबाद
15.	सांगा रेड्डी
16.	सूर्यापेट

*****